




नवभारत 08
इंदौर, गुरुवार, 19 मार्च 2026


## एक नजर में

### विवेक का नवोदय में चयन पर हर्ष



**नाहरगढ।** जन शिक्षा केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ़ के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय खजूरी चंद्रावत से विवेक गेहलोद पिता राजेश का नवोदय में चयन हुआ। छात्र विवेक राजेश गेहलोत को संस्था प्रभारी श्रीमती शालिनी सोलंकी,राजेंद्र प्रसाद माली, लक्ष्मण सिंह गरासिया,उस्मान गनी शेख,शांतिलाल राठौर (कक्षा प्रभारी)अनिल पाटीदार और अतिथि शिक्षिका श्रीमती नेहा बैरागी और परिवार व इष्ट मित्र ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप सूर्य उपासना कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित

**मंदसौर।** विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च 2026 को प्रात: 10 :00 बजे मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर (आराधना हॉल) में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य उपासना के साथ होगी, जिसमें मंदिर परिसर में ब्रह्म ध्वज स्थापित किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय नववर्ष नववर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के सहयोग से 'सम्राट विक्रमादित्य' विषय पर भव्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। इस प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं विक्रम संवत् के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया जाएगा। प्रस्तुति विवरण के अंतर्गत प्रस्तुति परिकल्पना सामाजिक सांस्कृतिक संस्था, उज्जैन द्वारा दी जाएगी। जिसमें नाट्य दल निर्देशन : सतीश दवे, संगीत : अभिषेक त्रिपाठी, लेखन एवं सह निर्देशन : प्रसन्न सोनी, निर्देशन : संजय श्रीवास्तव द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में 'भारत का नववर्ष विक्रम संवत' विषयक पुस्तिका का वितरण भी किया जाएगा, जिससे आमजन भारतीय नववर्ष की परंपरा एवं महत्व को समझ सकें। विक्रम संवत् नववर्ष के अवसर पर जिले के प्रमुख मंदिरों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ब्रह्मध्वज भी स्थापित किए जाएंगे।

### गांव एलची में मां कर्मा देवी जयंती के उपलक्ष्य में निकली शोभायात्रा

**मन्दसौर।** आराध्य देवी माता कर्मा जी के 1010वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दलोदा तहसील के गांव एलची में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह विशाल यात्रा घाणावार तेली समाज धर्मशाला से प्रारंभ होकर श्री हरि विष्णु भगवान मंदिर पर महाआरती कर वापस घाणावार तेली समाज धर्मशाला तक निकाली गई, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा के पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई एवं अनेकों मंचों के माध्यम से नगरवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया जो साहू समाज की समृद्ध परंपराओं और एकता का प्रतीक बनीं। इस शुभ अवसर साहू समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों, जयघोष और के साथ माता जी की भव्य आरती कर मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम के पश्चात साहू समाज का भोजन प्रसादी का आयोजन भी समाज कि धर्मशाला में किया गया। इस आयोजन में साहू समाज के सभी गणमान्यजन, युवा साथी, मातृशक्ति और नगर के श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक सहभागी बने। यह भव्य आयोजन समाज की एकता और श्रद्धा का प्रतीक बना। उक्त जानकारी साहू समाज के युवा नवीन साहू एलची द्वारा दी गई।

# अंतर्राज्यीय तस्कर से 85 किलो डोडाचूरा जब्त

▶ तरबूज के नीचे छिपाकर ले जा रहा था नशा



**पिपलियामण्डी। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारायणगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर डोडाचूरा की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 85 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया है।**

आरोपी तरबूज से भरे ट्रक में बड़ी चतुराई से नशीला पदार्थ छिपाकर परिवहन कर रहा था। पुलिस के अनुसार थाने के सउनि बाबूलाल डामोर अपनी टीम के साथ पिपलिया मंडी-मनासा रोड स्थित सगस बावजी मंदिर के पास बरखेड़ा वीरपुरिया फंटे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पिपलियामंडी की ओर से आ रहा एक ट्रक पुलिस को देखकर अचानक रुक गया और चालक मौके से भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेन्द्र पिता डालुराम जाट (29 वर्ष) निवासी कालवास, तहसील लूणकरणसर, जिला बीकानेर (राजस्थान) बताया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने ट्रक में मादक पदार्थ छिपाकर ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में ऊपर की ओर तरबूज भरे हुए थे, जबकि नीचे 6 काले रंग के प्लास्टिक कट्टों में डोडाचूरा छिपाकर रखा गया था। जो तौल करने पर कुल 85 किलोग्राम डोडाचूरा पाया गया। सभी कट्टों को विधिवत सील कर जब्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, दस्तावेज एवं नगद राशि भी बरामद की गई। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त टाटा ट्रक क्रमांक आरजे 40 जीए 0335 को भी जब्त किया गया। 85 किलो डोडाचूरा (अनुमानित कीमत 1 लाख 70 हजार रुपये) एक एंड्रॉयड मोबाइल व एक कीपैड मोबाइल (कीमत लगभग 11 हजार रुपये) टाटा ट्रक (कीमत लगभग 30 लाख रुपये) बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी से यह मादक पदार्थ कहां से लाया गया और किसे सप्लाई किया जाना था, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।



## प्रतिभा का सम्मान : मंदसौर की बेटी श्रुति जैन को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**मंदसौर।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के माधव भवन में आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को प्रतिभा और परिश्रम का संगम देखने को मिला। समारोह में मंदसौर निवासी श्रीमती चेतना जैन एवं स्वर्गीय राजेश जैन की सुपुत्री डॉ. श्रुति जैन को विज्ञान संकाय के अंतर्गत रसायन शास्त्र (*Chemistry*) में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. श्रुति को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. श्रुति ने विश्वविद्यालय की रसायन एवं जैव रसायन अध्ययन शाला में डॉ. शुभा जैन के मार्गदर्शन में 'हेट्रोसाइक्लिक सिंथेसिस' विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया है।वे न केवल सीएसआईआर नेट-जेआरएफ और गेट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर चुकी हैं, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत के दम पर अब एमपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई हैं। उनकी इस दोहरी सफलता ने मंदसौर और उज्जैन दोनों जिलों का मान बढ़ाया है।इस गौरवशाली अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं कुलसचिव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. श्रुति जैन की इस गौरवमयी उपलब्धि पर उनके परिवार, इष्ट मित्रों और समस्त नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की अनंत शुभकामनाएँ प्रेषित की।



## बच्चे स्वयं पर भरोसा रखें, असफलता से हताश नहीं होना चाहिए : कलेक्टर

**मंदसौर। जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन डाइट परिसर में किया गया, जिसमें कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा जिले के 32 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।**

इस अवसर पर हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषय के 7-7, पर्यावरण के 2, विज्ञान के 3, सामाजिक विज्ञान के 3 एवं संस्कृति के 3 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने मंदसौर जिले एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कभी भी असफलता से हताश नहीं होना चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। स्वयं पर विश्वास रखें और हमेशा सकारात्मक एवं खुश रहें।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों के माता-पिता ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एक नजर ▶ श्री वैष्णव बैरागी समाज चतु : संप्रदाय की प्रदेश स्तरीय बैठक

## छात्रावास को कब्जा मुक्त कराने और प्रतिमा स्थापना की उठी मांग



**मंदसौर।** श्री वैष्णव बैरागी समाज चतु: संप्रदाय की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक आज स्थानीय स्तर पर संपन्न हुई। इस गरिमामयी बैठक में समाज की प्रदेश एवं जिला इकाई के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे, जहां समाज के भविष्य और गौरव से जुड़े विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक के दौरान समाज के छात्रावास की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि समाज के छात्रावास पर वर्तमान में जो भी अवैध कब्जा है, उसे शीघ्र अति शीघ्र हटाया जाए। समाज के पदाधिकारियों ने मांग की कि छात्रावास का पूर्ण अधिकार वापस समाज को सौंपा जाना चाहिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के दौरान रहने की उचित और सुविधायुक्त व्यवस्था मिल सके।

इसी कड़ी में समाज की सांस्कृतिक विरासत और आस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के आराध्य देव जगतगुरु श्री 1008 रामानंदाचार्य जी महाराज की भव्य प्रतिमा शहर के किसी प्रमुख चौराहे पर स्थापित की जाए। समाजजनों का मानना है कि प्रतिमा की स्थापना और उसके भव्य अनावरण से न केवल समाज की धार्मिक आस्था को सम्मान मिलेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकेगी।

बैठक के समापन के पश्चात समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर के कार्यालय पहुँचा, जहाँ उक्त मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि अवैध कब्जे हटाने और प्रतिमा स्थापना की अनुमति प्रदान करने हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि प्रशासन द्वारा इन उचित मांगों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो समाज को मजबूरन आगे की रणनीति तय करते हुए आंदोलन का मार्ग अपनाना पड़ेगा।



## एक नजर में

### पद्मावती बहु मण्डल के चुनाव में नीलु सुराणा अध्यक्ष, प्रिया छाजेड सचिव, मीना हिंगड़ कोषाध्यक्ष नियुक्त



**नीमच।** महावीर जिनालय विकास नगर के मार्गदर्शन में पद्मावती बहु मंडल के चुनाव में वरिष्ठ महिला मंडल पदाधिकारीयों की उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुए। नवीन सत्र 2026- 28 के चुनाव में नीलू सुराणा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। नवीन कार्यकारिणी में सचिव पद पर प्रिया छाजेड़ तथा कोषाध्यक्ष पद पर मीना हिंगड़ निर्वाचित हुई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नीलू पामेचा, पूर्व सचिव विनिषा चोपड़ा, पूर्व कोषाध्यक्ष माया चोपड़ा ने नवीन पदाधिकारीयों को कार्यभार सोपा, इस अवसर पर ज्योति कोठीफोडा,सुनीता बेगानी, मोनिका भामावत, रेखा जैन, सीमा जैन, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### मालाहेडा में नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न - 36 रोगियों ने लाभ लिया




**नीमच।** शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर मालाहेड़ा के द्वारा नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, अर्श ,गैस, अम्लपित आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर नि :शुल्क औषधि वितरित की गई। शिविर में कुल 36 लाभार्थी को औषधीया वितरित की गई तथा डॉ .आबिद खान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, स्वच्छता अभियान, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी। शिविर में पंचायत सदस्य, औषधालय स्टाफ, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, आदि उपस्थित थे।

### डॉक्टर विनीता वर्मा को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया स्वर्ण पदक से सम्मानित

**नीमच।** विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित वर्ष 2025 कि नियमित परीक्षा में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच मे अध्ययनरत डॉक्टर विनीता वर्मा पिता भगत वर्मा के एम काम 2025 में परीक्षा उत्तीर्ण कर उज्जैन संभाग का नाम गोरांनवित किया। विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की प्राविण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 17 मार्च को 30 वा दीक्षांत समारोह माधव आडिटोरियम उज्जैन आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह मे मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलपति अर्पण भारद्वाज आदि अतिथियों के कर कमलो व्दारा डॉक्टर विनीता वर्मा को स्वर्ण पदक व एम काम कि डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मनासा- हांसपुर मार्ग पर अवैध अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

▶ दो दुकानें तोड़ी, कॉलोनियों में बनी सड़क व दीवार हटाई




**मनासा।** नगर के रामपुरा रोड स्थित टीवीएस शोरूम के पास से हांसपुर की ओर जाने वाले सार्वजनिक मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर सोमवार को राजस्व विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सीमांकन के बाद टीम ने नगर परिषद के बुल्डोजर की मदद से मुख्य मार्ग पर बनी दो पक्की दुकानों को तोड़ दिया। इसके साथ ही बाहेती कॉलोनी में बनी अवैध सीसी रोड और पास स्थित न्यू उषागंज कॉलोनी की पक्की दीवार को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 40 फीट चौड़े मार्ग को पूरी तरह साफ कराया गया। इस दौरान राजस्व अमला और नगर परिषद की टीम मौके पर मौजूद रही।बता दें कि नगर परिषद कार्यालय के सामने टीवीएस शोरूम के पास से हांसपुर की ओर जाने वाला सार्वजनिक मार्ग पहले लगभग 40 फीट चौड़ा था, लेकिन अतिक्रमण के कारण इसकी चौड़ाई घटकर करीब 5 से 7 फीट रह गई थी। मार्ग पर कंटीली झाड़ियां उग आई थीं तथा आसपास की कॉलोनियों से निकलने वाला गंदा पानी जमा होने से रास्ता लगभग बंद हो गया था, जिससे क्षेत्रवासियों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस संबंध में भाजपा नेता प्रद्युम्न मारू द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद 28 फरवरी को राजस्व विभाग और नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से कंटीली झाड़ियों की सफाई करवाई थी। इसके बाद 6 मार्च को दूसरी बार सीमांकन किया गया, जिसमें बाहेती कॉलोनी क्षेत्र में करीब 30 फीट तक अतिक्रमण पाया गया। वहीं 12 मार्च को भी जांच दल ने मौके पर पहुंचकर पुन: सीमांकन किया था।

### कॉलोनियों में भी अतिक्रमण

जांच के दौरान शासकीय मार्ग पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कब्जे के मामले सामने आए। बाहेती कॉलोनी में करीब 30 फीट तक सीसी रोड बनाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे टीम ने चिन्हित कर तोड़ने की कार्रवाई की। वहीं डॉ. स्वप्निल वधवा के कॉम्प्लेक्स में अवैध रूप से बनी दो दुकानों को भी हटाया गया। इसी प्रकार न्यू उषागंज कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से कॉलोनी का पानी मनासा-हांसपुर मार्ग की ओर छोड़ा जा रहा था, जिससे रास्ता कीचड़युक्त होकर बंद हो गया था।

**▶ इनका कहना**

राजस्व विभाग व नगर परिषद की टीम द्वारा मनासा-हांसपुर मार्ग का सीमांकन करने के बाद सोमवार को कॉलोनियों में किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। मुख्य मार्ग पर बनी दो दुकानों को भी तोड़ा गया है। धनोतिया कॉलोनी में अवैध सड़क निर्माण के मामले में भी कार्रवाई की जा रही है।

**डॉ . सीमा तिवारी-अध्यक्ष**
**नगर परिषद मनासा**



## लीड कॉलेज प्राचार्य ने किया स्वयंसेवकों का स्वागत, राज्य स्तरीय शिविर में बढ़ाया नीमच का मान

**नीमच।** मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना का 23वां राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 मार्च तक चित्रकूट (जिला सतना) स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता परिसर में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस शिविर का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के निर्देशन में किया गया, जिसका शुभारंभ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया। सात दिवसीय इस शिविर में प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों से करीब 600 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। नीमच जिले का प्रतिनिधित्व पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के स्वयंसेवक उमेद पंवार और दिव्यांशी धाकड़ ने किया, जिन्होंने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर से हिस्सा लेकर जिले का गौरव बढ़ाया।शिविर के दौरान बौद्धिक, सांस्कृतिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। उमेद पंवार को एक बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता का अवसर मिला, वहीं दिव्यांशी धाकड़ ने सांस्कृतिक संध्या में मंच संचालन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नेतृत्व, समय प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे।शिविर के समापन के बाद जब दोनों स्वयंसेवक नीमच लौटे, तो महाविद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा और कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राकेश कस्वां सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक नजर ▶ मंडी व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह

## भजन, कीर्तन, गीत, संगीत और सादगी व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न



**नीमर्च।** सांप्रदायिक सौहार्द एवं सद्भाव का रंग लगाने के बहाने एक दूसरे की द्वेषता भुलाने और प्रेम सद्भाव बढ़ाने का पवित्र पर्व होली सादगी एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। दोपहर में नई एवं पुरानी दोनों मंडी में डीजे की धुन होली के विभिन्न गीतों में भजनों की प्रस्तुति के साथ व्यापारियों ने होली मिलन की गैर निकाली। सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान भी किया। इस अवसर पर देश भक्ति एवं होली के फागुन के गीतों की प्रस्तुति के साथ व्यापारियों ने नृत्य भी किया।

गोमाबाई मार्ग स्थित सीएसवी अग्रोहा भवन सभागार में मंगलवार शाम को आयोजित मंडी व्यापारी संघ के होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी सहभागी बने। इस अवसर पर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश भारद्वाज ने कहा कि रंगों का त्योहार होली पर्व पर सभी लोगों को एक दूसरे से मैत्री प्रेम का व्यवहार बढ़ाना चाहिए और एक दूसरे के सुख दु:ख में काम आना चाहिए सभी समाजों को अपनी अपनी संस्कृति का आदान-प्रदान करने का पावन अवसर मिलता है। इस अवसर पर मंडी व्यापार से जुड़े लोगों ने उत्साह के साथ सम्मिलित होकर सभी व्यापारी बंधुओं से आत्मीय संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। रंगों के इस पावन पर्व ने आपसी स्नेह, सौहार्द एवं एकता के भाव को और सुदृढ़ किया।कार्यक्रम में व्यापारी संघ से जुड़े लोगों ने एक दूसरे को सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया को भारतीय सनातन संस्कृति का परिचय दिया इस अवसर पर व्यापारी संघ के सदस्य एवं नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि सभी व्यापारी अपने-अपने क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयां विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और सभी को खुशियां मिलती है और सामाजिक सद्भाव बढ़ता है, व्यापारिक वर्ग में सामाजिक एकता समाज विकास में महत्वपूर्ण होती है सभी व्यापारी संगठित होकर खुशी के साथ व्यापार करें और एक दूसरे को सहयोग कर राष्ट्र विकास में सहायक बने।